Printed from
नवभारत टाइम्स
Navbharat Times - Breaking news, views. reviews, cricket from across India

हूडा जल्द देगा जमीन

11 Jan 2011, 0400 hrs IST

एनबीटी न्यूज ॥ गुड़गांव

नैशनल हाइवे 8 को दिल्ली बॉर्डर स्थित टोल प्लाजा से खेड़कीदौला तक चौड़ा करने के लिए हूडा की ओर से जल्द ही जमीन उपलब्ध करा दी जाएगी। हाइवे को दोनों तरफ से 15-15 मीटर चौड़ा किया जाना है। इसके लिए हूडा ऐडमिनिस्ट्रेटर ने अधिकारियों को जल्द से जल्द जमीन का सर्वे पूरा करके रिपोर्ट देने को कहा है। नैशनल हाइवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एनएचएआई) की ओर से लंबे वक्त से हूडा से जमीन देने का आग्रह किया जा रहा है। इसको लेकर सोमवार को हूडा ऐडमिनिस्ट्रेटर ने अधिकारियों की एक बैठक ली।

29 दिसंबर, 2009 को दिल्ली स्थित ट्रांसपोर्ट भवन में दिल्ली और हरियाणा के मुख्यमंत्रियों की अध्यक्षता में एक बैठक का आयोजन किया गया था। इस बैठक में ट्रांसपोर्ट संबंधी कई मुद्दों पर विचार विमर्श किया गया था, जिसमें दिल्ली बॉर्डर स्थित टोल प्लाजा से खेड़कीदौला तक नैशनल हाइवे 8 को 15-15 मीटर और चौड़ा किए जाने की बात शामिल थी। बैठक में एनएचएआई के इस प्लान को मंजूरी भी दी गई थी। एनएचएआई के जनरल मैनेजर की ओर से 1 जून, 2009 को हूडा के चीफ ऐडमिनिस्ट्रेटर को लेटर लिखकर जमीन दिए जाने का आग्रह किया गया था। हूडा के अधिकारियों ने इस मामले को गंभीरता से नहीं लिया तो एनएचएआई के प्रोजेक्ट डायरेक्टर की ओर से 13 सितंबर को दोबारा लेटर लिखा गया, लेकिन अधिकारियों ने फिर ध्यान नहीं दिया। इसके बाद 21 दिसंबर को एनएचएआई के चेयरमैन ने चीफ सेक्रेटरी को लेटर लिखकर इस मामले से अवगत कराया गया है। चीफ सेक्रेटरी ने हूडा के चीफ ऐडमिनिस्ट्रेटर को निर्देश जारी किए कि जल्द से जल्द जमीन एनएचएआई के सुपुर्द की जाए।

चीफ सेक्रेटरी के निर्देश पर हूडा की ओर से जमीन देने की कवायद शुरू कर दी गई है। सोमवार दोपहर 12 बजे हूडा ऐडमिनिस्ट्रेटर ने इस पर बैठक बुलाई। इसमें एस्टेट ऑफिसर पुष्पेंद्र सिंह चौहान, वत्सल वशिष्ठ, एसटीपी आर. के. सिंह, सुपरिटेंडेंट इंजीनियर आर. के. कक्कड़, पंकज कुमरा, डीटीपी विजेंद्र राणा, भूमि अधिग्रहण अधिकारी एस. के. चहल आदि मौजूद थे।

इस आर्टिकल को फेसबुक पर शेयर करें।
इस आर्टिकल को ट्वीट करें।

देश-दुनिया की खबरें विडियो में। देखने के लिए क्लिक करें।

About Us | Advertise with Us | Terms of Use | Privacy Policy | Feedback | Sitemap
Copyright © 2011 Bennett Coleman & Co. Ltd. All rights reserved. For reprint rights: Times Syndication Service
This site is best viewed with Internet Explorer 6.0 or higher; Firefox 2.0 or higher at a minimum screen resolution of 1024x768